**Sir Padampat Singhania Education Centre, Kanpur**
**Ranked No. 1 Day School in India**
**Amongst the Top 12 EW Ivy League Day Schools**

राष्ट्रीय सहारा | www.rashtriyasahara.com

# एजु.वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में पदमपत सिंहानिया नंबर वन

कानपुर (एसएनबी)। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर (एसपीएसईसी) कमला नगर को एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में भारत का नं. 1 डे स्कूल और टॉप 12 ईडब्ल्यू आईवी लीग डे स्कूल्स का खिताब दिया गया। विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में बुधवार को आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड इंडियन स्कूल रैंकिंग्स 2025-26 अवाईस में प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। समारोह में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की प्रशंसा की गई। प्रधानाचार्या ने प्रबंधन, शिक्षकगण, विद्यार्थियों, अभिभावकों और प्रशासन का आभार व्यक्त किया।

## Sir Padampat Singhania Education Centre, Kanpur
## Ranked No. 1 Day School in India
## Amongst the Top 12 EW Ivy League Day Schools




कमला नगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की प्रधानाचार्य भावना गुप्ता ( मध्य में ) को सम्मानित किया गया • संस्थान

# एसपीएसईसी को एजुकेशन वर्ल्ड रैंकिंग में पहला स्थान, प्रिंसिपल को मिला प्रशस्ति पत्र

**कानपुर** : एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर (एसपीएसईसी) कमला नगर को भारत का नंबर एक डे स्कूल और टाप 12 ईडब्ल्यूआइवी लीग डे स्कूल्स में स्थान मिला है। स्कूल प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने एजुकेशन वर्ल्ड इंडियन स्कूल रैंकिंग्स 2025-26 अवाड्‌र्स में प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। उन्होंने कहा कि यह रैंकिंग एसपीएसईसी के नवाचारपूर्ण पाठ्यचर्या, छात्र कल्याण और समावेशी शिक्षा, अकादमिक प्रतिष्ठा, शिक्षक दक्षता और कल्याण, नेतृत्व एवं प्रबंधन, सह-पाठ्यक्रम एवं खेलकूद में श्रेष्ठता में सतत उत्कृष्टता को दर्शाती है। स्कूल चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया और वाइस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी. कर ने इस उपलब्धि पर बधाई दी। (वि.)

**Sir Padampat Singhania Education Centre, Kanpur**
**Ranked No. 1 Day School in India**
**Amongst the Top 12 EW Ivy League Day Schools**

# सर पदमपत को नंबर-1 डे स्कूल अवार्ड



**KANPUR:** भारतीय विद्यालय शिक्षा के मानकों को नई परिभाषा देते हुए, सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर (SPSEC) कमला नगर को एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में भारत का नं. 1 डे स्कूल और टॉप 12 ईडब्ल्यू आइवी लीग डे स्कूल्स में स्थान दिया गया है. विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में बुधवार को आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड इंडियन स्कूल रैंकिंग्स 2025-26 अवाड्र्स में प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया. विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया और वाइस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी. कर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दी. उन्होंने शिक्षकों की अथक मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और विद्यार्थियों की लगन की सराहना की और सभी को नई ऊंचाइयों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया.

**Sir Padampat Singhania Education Centre, Kanpur**
**Ranked No. 1 Day School in India**
**Amongst the Top 12 EW Ivy League Day Schools**




अवार्ड प्राप्त करती स्कूल प्रिंसिपल भावना गुप्ता।

# सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर देश में नंबर 1 रैंक्ड डे स्कूल बना

कानपुर, 15 अक्टूबर। एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग ने 2025-26 की रैंकिंग जारी की जिसमें कि शहर के प्रसिद्ध सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर को देश का नंबर 1 डे स्कूल घोषित किया है। स्कूल की प्रिंसिपल भावना गुप्ता को यह अवार्ड बुधवार को एक समारोह में दिया गया। एजुकेशन सेंटर शिक्षा के क्षेत्र में नित नये मानक स्थापित कर रहा है। डे स्कूल के साथ टॉप 12 ईडब्ल्यू आईवी लीग डे स्कूल में एजुकेशन सेंटर अपनी जगह बनाने में कामयाबी हासिल की है। यह रैंक एजुकेशन सेंटर को नवाचार पूर्ण पाठ्य चर्चा, छात्र कल्याण के साथ साथ समावेशी शिक्षा पर लगातार फोकस बनाए रखने की वजह से मिली है। अलग अलग क्षेत्र के विशेषज्ञों से छात्रों से लगातार सवांद कायम कराना भी एक अहम पहलू है। एजुकेशन सेंटर की प्रिंसिपल भावना गुप्ता ने कहा कि यह अवार्ड हमारे छात्र शिक्षकों के साथ साथ स्कूल प्रबंधन लगातार उत्साहित करते रहने की वजह से मिला है। विद्यालय परिवार सभी को हार्दिक धन्यवाद देता है। स्कूल चेयरपर्सन मनोरमा गोविन्द हरि सिंहानिया, वाइस चैयरमैन अभिषेक सिंहानिया,वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया, डायरेक्टर पार्थो पी कर ने इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार को बधाई दी है। मैनेजमेंट ने कहा कि सफलता के उत्साहित होकर अगले कदम पर फोकस करना चाहिए।

**Sir Padampat Singhania Education Centre, Kanpur**
**Ranked No. 1 Day School in India**
**Amongst the Top 12 EW Ivy League Day Schools**

# SPSEC ranked No. 1 Day School in India

**PIONEER NEWS SERVICE**
Kanpur




Sir Padampat Singhania Education Centre (SPSEC) has been ranked the No.1 Day School in India and placed amongst the Top 12 EW Ivy League Day Schools in the prestigious Education World India School Rankings 2025-26. This distinguished recognition firmly establishes SPSEC as one of the nation's most elite centres of learning. The ranking reflects SPSEC's consistent brilliance across multiple parameters—pedagogy, curriculum innovation, academic reputation, faculty competence and welfare, co-curricular and sports excellence, student attention and well-being, inclusive education, leadership and governance, infrastructure, and community outreach.

Principal Bhawna Gupta received the award at the grand ceremony of the Education World Indian School Rankings 2025–26 Awards held on Wednesday.

SPSEC received thunderous applause at the event, marking a remarkable achievement that stands as a reflection to the institution's unparalleled quality of education and unwavering commitment to excellence in the teaching–learning process.

Expressing immense pride at this milestone, the principal extended her gratitude to the management, staff, students, parents and community stakeholders as well as the district, state and central administration, CBSE and dignitaries who have been integral to the school's journey. She acknowledged the visionary leadership of the management for its continued guidance and credited this collective success to trust, collaboration and dedication. Chairperson, Manorama Govind Hari Singhania; Vice-Chairman, Abhishek Singhania; Vice-Chairperson, Varsha Singhania; and Vice-Chairman and Director, Partho P Kar, extended their congratulations to the entire SPSEC fraternity.

They commended the dedicated faculty, the trust of parents and the indomitable spirit of students, inspiring all to continue striving for excellence.

## Sir Padampat Singhania Education Centre, Kanpur
## Ranked No. 1 Day School in India
## Amongst the Top 12 EW Ivy League Day Schools



# सर पदमपत सिंहानिया को मिला अवार्ड

**कंपूमेल ब्यूरो/कानपुर।** कमला नगर स्थित सर पदम पत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर को एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में भारत का नंबर एक डे स्कूल और टॉप-12 ईडब्लू आइवी लीग डे स्कूल्स में स्थान दिया गया। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि एसपीएसईसी को देश के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षा केंद्रों में स्थापित करती है। प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में बुधवार को आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड इंडियन स्कूल रैंकिंग्स 2025-26 अवार्ड्स में प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने प्रबंधन, शिक्षकगण, विद्यार्थियों, अभिभावकों और समुदाय सहित जिला, राज्य और केंद्र प्रशासन, सीबीएसई और सभी गणमान्यजनों का आभार व्यक्त किया। यह सम्मान विश्वास, समर्पण और सहयोग से निर्मित सामूहिक उपलब्धि है। इस मौके पर मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, अभिषेक सिंहानिया वर्षा सिंहानिया, पार्थो पी.कर आदि लोग मौजूद थे।

**Sir Padampat Singhania Education Centre, Kanpur**
**Ranked No. 1 Day School in India**
**Amongst the Top 12 EW Ivy League Day Schools**

## शहर 30s

# पद्ममपत सिंहानिया स्कूल को पहली रैंकिंग

कानपुर। सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर को एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में भारत का नंबर एक डे स्कूल घोषित किया गया है। विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। प्रबंधन और शिक्षकों की कड़ी मेहनत और विद्यार्थियों की लगन से यह उपलब्धि हासिल हुई। चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया और वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया ने बधाई दी।

## Sir Padampat Singhania Education Centre, Kanpur
## Ranked No. 1 Day School in India
## Amongst the Top 12 EW Ivy League Day Schools

# एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग में देश में पदमपत सिंहानिया स्कूल ने किया टॉप



प्रिंसिपल भावना गुप्ता को मिला प्रशस्ति पत्र। स्रोत : स्कूल

**कानपुर।** कमलानगर स्थित सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर को एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में देश का नंबर 1 स्कूल घोषित किया गया है। यह प्रतिष्ठित रैंकिंग विद्यालय की नवाचार पूर्ण पाठ्यचर्या, छात्र कल्याण, अकादमिक गुणवत्ता, शिक्षक दक्षता, सह-पाठ्यक्रम, खेलकूद और सामाजिक योगदान में उत्कृष्टता को मान्यता देती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या भावना गुप्ता ने बुधवार को आयोजित अवार्ड समारोह में प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। विद्यालय की चेयरपर्सन मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन वर्षा सिंहानिया ने पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दी। (ब्यूरो)

## Sir Padampat Singhania Education Centre, Kanpur
## Ranked No. 1 Day School in India
## Amongst the Top 12 EW Ivy League Day Schools

# एजुकेशन वर्ल्ड इंडियन स्कूल रैंकिंग्स अवार्ड्स में सर पदमपत सिंहानिया नंबर 1

दैनिक कानपुर उजाला



15 अक्टूबर, 2025 को एजुकेशन वर्ल्ड इंडियन स्कूल रैंकिंग्स 2025-26 अवार्ड्स में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना गुप्ता प्रशस्ति पत्र प्राप्त करती हुईं।

**कानपुर।** भारतीय विद्यालय शिक्षा के मानकों को नई परिभाषा देते हुए, सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर (एस.पी.एस.ई.सी.) कमला नगर, कानपुर को एजुकेशन वर्ल्ड इंडिया स्कूल रैंकिंग 2025-26 में भारत का नं. 1 डे स्कूल और टॉप 12 ई.डब्ल्यू. आई.वी. लीग डे स्कूल्स में स्थान दिया गया है। यह गौरवपूर्ण उपलब्धि एस.पी.एस.ई.सी. को देश के सबसे प्रतिष्ठित शिक्षा केन्द्रों में स्थापित करती है। यह रैंकिंग एस.पी.एस.ई.सी. की कई आयामों- नवाचारपूर्ण पाठ्यचर्या, छात्र कल्याण और समावेशी शिक्षा, अकादमिक प्रतिष्ठा, शिक्षक दक्षता और कल्याण, नेतृत्व एवं प्रबंधन, सह-पाठ्यक्रम एवं खेलकूद में श्रेष्ठता, अधोसंरचना और सामुदायिक योगदान में सतत उत्कृष्टता को दर्शाती है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती भावना गुप्ता ने संस्थान के प्रतिनिधि के रूप में बीते बुधवार, 15 अक्टूबर को आयोजित एजुकेशन वर्ल्ड इंडियन स्कूल रैंकिंग्स 2025-26 अवार्ड्स में प्रशस्ति पत्र प्राप्त किया। समारोह में सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर की भूरि-भूरि प्रशंसा की गई। निश्चित रूप से यह उपलब्धि विद्यालय के लिए एक मील का पत्थर है। जो संस्था की अद्वितीय शैक्षणिक गुणवत्ता और शिक्षण अधिगम प्रक्रिया में निरंतर उत्कृष्टता के प्रति उसकी अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक रहा है। इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए, विद्यालय की प्रधानाचार्या ने प्रबंधन, शिक्षकगण, विद्यार्थियों, अभिभावकों और समुदाय सहित जिला, राज्य और केंद्र प्रशासन, सी.बी.एस.ई. और सभी गणमान्य जनों का आभार व्यक्त किया।उन्होंने इस सफलता का श्रेय प्रबंधन के दूरदर्शी नेतृत्व को देते हुए कहा कि यह सम्मान विश्वास, समर्पण और सहयोग से निर्मित सामूहिक उपलब्धि है। विद्यालय की चेयरपर्सन श्रीमती मनोरमा गोविंद हरि सिंहानिया, वाइस चेयरमैन अभिषेक सिंहानिया, वाइस चेयरपर्सन श्रीमती वर्षा सिंहानिया और वाइस चेयरमैन व डायरेक्टर पार्थो पी. कर ने इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर पूरे विद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने शिक्षकों की अथक मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और विद्यार्थियों की लगन की सराहना की और सभी को नई ऊँचाइयों की ओर अग्रसर होने के लिए प्रेरित किया। यह सम्मान केवल एक रैंकिंग नहीं है, बल्कि यह एस.पी.एस.ई.सी. की उस अटूट प्रतिबद्धता का प्रमाण है जो प्रत्येक विद्यार्थी के भीतर निहित प्रतिभा को प्रज्ज्वलित करने के लिए समर्पित है। अपने आदर्श वाक्य "Ahead-Above-Always" से प्रेरित होकर, सर पदमपत सिंहानिया एजुकेशन सेंटर निरंतर ऐसे विद्यार्थियों को तैयार कर रहा है जो शैक्षणिक रूप से प्रखर, भावनात्मक रूप से सशक्त, नैतिक रूप से दृढ़ और वैश्विक स्तर पर सक्षम नागरिक बनकर समाज का नेतृत्व कर सकें।